**खबर संक्षेप**

### बिना जांच बंद हुई शिकायत, ग्रामीणों ने की दोबारा जांच की मांग

**मैहर।** अजनवाइन गांव निवासी शिवकुमार साहू ने शौचालय निर्माण की राशि न मिलने पर 181 पर शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी शिकायत संख्या 33231308, दिनांक 06 जुलाई 2025 को बिना किसी मौके की जांच के बंद कर दी गई। शिवकुमार का कहना है कि पंचायत ने न तो शौचालय बनाया और न ही कोई निर्माण कार्य हुआ। अधिकारियों ने बिना सत्यापन के ही शिकायत बंद कर दी। उन्होंने इस मामले की दोबारा जांच और उचित कार्रवाई के लिए मैहर के एसडीएम कार्यालय में 11 अगस्त 2025 को एक पत्र प्रस्तुत किया है,लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### स्टेशन रोड पर चौपाटी की लाखों की जाली गायब



**मैहर।** रेलवे स्टेशन रोड पर बनी चौपाटी की बाउंड्री पर लगी लाखों रुपए की जाली रातों-रात गायब हो गई है। यह जाली दीवार पर चढ़कर निकाली गई,लेकिन न तो आसपास के दुकानदारों और न ही आने-जाने वालों को इसकी भनक लगी। नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।स्थानीय लोगों का मानना है कि इस जाली की छानबीन से नगर में सड़कों के किनारे लगे सौंदर्यीकरण के अन्य सामानों का भी पता लगाया जा सकता है।

### सड़क मरम्मत में पेवर ब्लॉक का इस्तेमाल, ग्रामीणों ने की जांच की मांग



**मैहर।** मैहर से सरला नगर-बरही-उमरिया रोड पर हरनामपुर बाईपास के पास सड़क की हालत बहुत खराब है। हाल ही में एक तीन पहिया वाहन सरिया लादे हुए इसी जगह पर पलट गया था। प्रशासन को पहले भी सामाजिक संगठनों द्वारा शिकायतें दी गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब सड़क की मरम्मत के लिए पेवर ब्लॉक का इस्तेमाल किया जा रहा है,जिसे ग्रामीण अनुचित मानते हैं। उनका कहना है कि यह एक जांच का विषय है। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# एयरपोर्ट विस्तार: 7.30 एकड़ जमीन अधिग्रहण की तैयारी, 1927 अवैध कब्जे किये गये चिन्हित

**सतना।** शहर में हवाई अड्डे के विस्तार की योजना जोर पकड़ रही है। इसके लिए 7.30 एकड़ निजी और सरकारी जमीन की आवश्यकता होगी। हवाई अड्डे के रनवे को बढ़ाने के लिए यह ज़मीन अधिग्रहित की जाएगी। इस योजना के तहत,1300अतिक्रमणकारियों को डिलौरा में और लगभग 325 अतिक्रमणकारियों को कोलगवां में चिन्हित किया गया है।

#### सीमांकन में मिले अवैध निर्माण

हाल ही में,राजस्व टीम ने हवाई अड्डे की 546 एकड़ जमीन के सीमांकन का काम फिर से शुरू किया। यह काम सतना-मैहर बाईपास रोड के कोलगवां पटवारी हलके में किया गया। सीमांकन के दौरान,हवाई अड्डे की जमीन पर 6 से अधिक बड़ी इमारतें और 50 से ज़्यादा छोटे घर चिन्हित किए गए। हवाई अड्डे की जमीन रघुराजनगर तहसील के तीन पटवारी हलकों में फैली हुई है। सोनौरा चेक उतैली (209 एकड़), कोलगवां (172.20 एकड़) और डेलौरा (146.96 एकड़)। अब तक किए गए सीमांकन में कुल 1927 छोटे-बड़े कब्जाधारियों की पहचान की गई है।

#### प्रभावित होने वाले क्षेत्र

रनवे की लंबाई बढ़ाने के लिए पश्चिम में 120 मीटर लंबी बाउंड्री से लेकर छात्रावास तक का हिस्सा प्रभावित होगा। इस हिस्से में एक छात्रावास भी प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा,100 मीटर निजी जमीन की भी जरूरत पड़ेगी,जिसमें अभी गुप्ता बंधुओं का नाम दर्ज है। जिसमें आराजी नंबर 471, 72,73,81,82,83 है। हवाई अड्डे की ज़मीन ढाई सौ मीटर बगीचे तक पश्चिम की ओर जा रही है। विस्तार योजना से राज दरबार होटल पैलेस के आगे प्रधानमंत्री आवास तक के प्रभावित होने की संभावना है।




#### 529 एकड़ जमीन की जांच शुरू

हवाई अड्डे की 529 एकड़ जमीन को नियम विरुद्ध तरीके से निजी भू-स्वामियों को देने की जांच भी शुरू कर दी गई है। अगर जमीन की वापसी का आदेश नहीं मिलता है,तो धारा 115 के तहत कार्रवाई शुरू की जाएगी। इससे सरकारी जमीन वापस मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। पिछले दिनों हुए सीमांकन के दौरान,सतना-मैहर बाईपास को शिफ्ट करने पर भी विचार किया गया। इस काम के लिए एयरपोर्ट डायरेक्टर अशोक गुप्ता,रिटायर्ड एसडीएम एपी पांडेय,आरआई वीरेश रामभजन गौतम,संतोष शर्मा, सुरेश बागरी,जावेद समेत कई कर्मचारी मौजूद थे।

## अभी तक पता नहीं चला सेंट्रल जेल में कैदी के पास मोबाइल फोन कैसे पहुंचा

#### 3 दशक में पहली बार हुआ ऐसा

**सतना।** सेंट्रल जेल में एक कैदी के पास मोबाइल फोन मिलने की घटना से अभी तक पर्दा नहीं उठा है। इस घटना ने जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 30 सालों में यह पहली बार हुआ है कि किसी कैदी के पास जेल के अंदर मोबाइल फोन बरामद हुआ है। हालांकि,अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मोबाइल फोन जेल के भीतर कैसे पहुंचा। जेल अधीक्षक लीना कोस्ट ने इस मामले में शिकायत दर्ज करा चुकी हैं,लेकिन प्रारंभिक जांच में अभी तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। इस घटना ने जेल अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा कर दिया है। यह पहली बार नहीं है जब जेल की सुरक्षा में सेंध लगी है। इससे पहले जेल के अंदर गांजा पहुंचने की घटना भी सामने आ चुकी है। करीब 20 साल पहले,जेल परिसर में एक कार्टून में मुर्गों के सिर भी मिले थे,जिससे परिसर में दहशत फैल गई थी। इस घटना के बाद,जेल प्रशासन को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। यह भी संदेह जताया जा रहा है कि कॉलेज के जो छात्र जेल में विजिट के लिए आते हैं,शायद उन्हीं के जरिए यह मोबाइल फोन जेल के भीतर पहुंचा हो। हालांकि,यह सिर्फ एक अनुमान है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और उम्मीद है कि जल्द ही सच्चाई सामने आएगी। जेल के अंदर मोबाइल फोन का मिलना एक गंभीर सुरक्षा चूक है,जिसके नतीजे घातक हो सकते हैं। इससे कैदियों को बाहरी दुनिया से संपर्क साधने और आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने का मौका मिल सकता है। जेल प्रशासन को इस मामले की तह तक जाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए,ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस मामले की सूक्ष्म जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर किस तरह से यह मोबाइल फोन जेल के अंदर पहुंचा।



## व्यापारियों से 78 हजार लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार

#### सीसीटीवी और साइबर टीम की मदद से पकड़े गए बदमाश

**सतना।** मझगवां पुलिस ने व्यापारियों से लूट के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सिर्फ 24 घंटे में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सीसीटीवी और साइबर टीम की मदद से आरोपियों का पर्दाफाश किया। आरोपियों के पास से चोरी पुलिस ने एक कट्टा और जिंदा कारतूस भी बरामद किए।



#### क्या है पूरा मामला

घटना 11 अगस्त की है। वाशिंग पाउडर कंपनी के मुनीम राजा शीतलानी अपने बड़े भाई विक्की के साथ मझगवां और पिंडरा में सामान बिक्री का पैसा वसूलने गए थे। दोपहर करीब 2:30 बजे दोनों पपरचुआ मोड़ के पास पहुंचे। तभी एक बिना नंबर की कार ने उनकी बाइक को टक्कर मारी दी। कार की टक्कर से उनकी बाइक गिर गई,जैसे ही वे गिरे,कार से उतरे एक युवक ने 1.90 लाख रुपये से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गया। इसके बाद व्यापारी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

#### आरोपी सीसीटीवी में नजर आए

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और साइबर टीम की मदद से आरोपियों की पहचान कर ली। पुलिस को आरोपी गिरफ्तार आरोपियों में विष्णुकांत द्विवेदी,व्यास विश्वास,आयुष गुप्ता, आदर्श पासवान और यूपी के फतेहपुर निवासी अमित यादव शामिल हैं।

#### आरोपियों के पास से 315 बोर कट्टा और चोरी का सामान बरामद

पुलिस ने उनके पास से वारदात में इस्तेमाल की गई बिना नंबर की कार,एक दूसरी कार,एक बाइक, 315 बोर का कट्टा,एक जिंदा कारतूस और 78 हजार रुपये नकद बरामद किए। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### स्वतंत्रता दिवस पर 17 बंदी रिहा होंगे

**सतना।** केन्द्रीय जेल सतना में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजीवन कारावास के 17 दंडित बंदी जेल मुख्यालय के आदेश एवं राज्य शासन से घोषित परिहार का लाभ प्राप्त कर सजा भुगत कर रिहा होंगे। जेल अधीक्षक लीना कोष्टा ने बताया कि रिहा होने वाले बंदियों में सतना जिले के 4, छतरपुर जिले के 10 तथा मैहर,पन्ना एवं सिहोर जिले के 1-1 बंदी सजा भुगत कर रिहा होंगे।

### व्हीआईपी दर्शन के कारण मां शारदा के दर्शन नहीं हुए, मंदिर प्रबंधन को देना होगा हर्जाना

**मैहर।** मां शारदा देवी मंदिर में व्हीआईपी दर्शन के कारण भोपाल के एक परिवार को दर्शन नहीं हो पाए थे और उन्हें अपमानित भी किया गया था।

इस परिवार ने दामोदर रोपवे इंफ्रा लिमिटेड और मंदिर प्रबंधन के खिलाफ भोपाल जिला उपभोक्ता आयोग में 5 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति की याचिका दायर की थी। आयोग ने इसे सेवा में कमी मानते हुए मंदिर प्रबंधन और रोपवे कंपनी को 55,000 रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया है।आयोग ने यह भी कहा कि मंदिर में सभी भक्तों को समान रूप से दर्शन कराने का नियम होना चाहिए।



### मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मैहर।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी सुशील बंशकार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर बदेरा थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार के नेतृत्व में टीम ने यह गिरफ्तारी की। यह घटना 19 जून 2025 की है, जब बदेरा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी 35वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ बेटी के साथ सुशील बंसल,राजा बंसल और जुगुल किशोर साकेत ने मिलकर दुष्कर्म किया है। इस मामले में पुलिस ने धारा 92(**d**) दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम और 64(2)(**k**), 70(1) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में पहले ही एक आरोपी राजा बंसल को गिरफ्तार कर लिया था,लेकिन सुशील बंशकार फरार चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी शहडोल जिले के पपौध थाना क्षेत्र के ग्राम कुआं में एक झोपड़ी बनाकर रह रहा है। इसके बाद,टीम ने वहां पहुंचकर पहाड़ के किनारे बनी झोपड़ी से आरोपी सुशील बंशकार को पकड़ लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार,उपनिरीक्षक आर.एन.रावत,सहायक उपनिरीक्षक रमेश प्रसाद ओझा,प्रधान आरक्षक सुरेंद्र दुबे,आरक्षक गजराज सिंह और सुशील कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कार-बाइक भिड़ंत, सब्जी विक्रेता की मौके पर मौत



**सतना।** सभापुर थाना क्षेत्र में पड़ुहार मोड़ पर बुधवार सुबह कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना में 45 साल के सब्जी विक्रेता वेदांती कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई। सेमरिया थाना क्षेत्र के मझगवां निवासी वेदांती कुशवाहा सुबह करीब 10 बजे बाइक पर सब्जी लेकर बिरसिंहपुर जा रहे थे। पड़ुहार मोड़ पर सामने से आ रही कार एमपी 13 जेड वही 4914 से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वेदांती सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक गाड़ी छोड़कर फरार राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए बिरसिंहपुर अस्पताल भेज दिया है। हादसे के बाद कार चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार कार रीवा जिले के बेलहाई थाना सेमरिया की है। मृतक नियमित रूप से बिरसिंहपुर में सब्जी बेचने आते थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## कलेक्ट्रेट परिसर में दुकानों में बिक रहा था अवैध तरीके से पेट्रोल



#### प्रशासन ने की कार्यवाही,10 दुकानों पर 8200 रुपए का जुर्माना लगाया

**सतना।** कलेक्ट्रेट परिसर के गेट नंबर-3 पर अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रशासनिक अधिकारी उस वक्त सकते में आ गए जब उन्होंने देखा कि यहां पर अवैध तरीके से दुकानों में पेट्रोल की बिक्री की जा रही है। प्रशासन,पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने कार्रवाई के दौरान पान की गुमटियों में अवैध पेट्रोल का भंडारण और बिक्री पकड़ी। पुलिस इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। जांच में कलेक्ट्रेट परिसर के कुछ चेम्बर्स में अवैध कब्जे भी सामने आए। एक बड़े हॉल को सील कर दिया गया। कई चेम्बर्स में अधिवक्ताओं के अलावा कुछ लोग बिना लाइसेंस रजिस्टर्ड मॉर्गेज का काम कर रहे थे। जब उनसे वैध दस्तावेज मांगे गए तो वे पेश नहीं कर सके। प्रशासन ने नियम उल्लंघन के लिए 10 चालान काटे और 8,200 रुपए का जुर्माना वसूला। कार्रवाई में एसडीएम राहुल सिलड़िया, सीएसपी डीपी सिंह, थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी, सुदीप सोनी और नगर निगम से लक्ष्मी तिवारी,सज्जन सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। एसडीएम ने कहा कि सरकारी परिसरों में अवैध अतिक्रमण,अनधिकृत व्यवसाय या खतरनाक पदार्थों का भंडारण नहीं होने दिया जाएगा। ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



## मैहर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, विधायक ने किया नेतृत्व



**मैहर।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा अग्रसेन चौक से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए चंडी देवी मंदिर और घंटाघर चौराहे पर समाप्त हुई। यात्रा में मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल सहित बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। विधायक ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं और आम लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना है। उन्होंने सभी से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा लगाने का आग्रह किया।

### पुलिस परेड ग्राउण्ड में स्वतंत्रता दिवस समारोह की रिहर्सल संपन्न

**सतना।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड सतना में प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह के कार्यक्रमों की अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल बुधवार को पुलिस परेड ग्राउण्ड सतना में ठीक प्रातः 9 बजे से आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुधीर बेक ने प्रतीक स्वरूप मिनिट-टू-मिनिट कार्यक्रम के अनुरूप ध्वजारोहरण कर परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। उन्होंने सफेद जिप्सी पर सवार होकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल एवं रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल के साथ परेड का निरीक्षण किया तथा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। शहर के तीन विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों ने सामूहिक पीटी का प्रदर्शन भी किया। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य,एसडीएम राहुल सिलाडिया,डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा, तहसीलदार सौरभ मिश्रा सहित अधिकारी उपस्थित रहे।



**हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
HINDUJA HOUSING FINANCE
कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के विजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 Email - auction@hindujahousingfinance.com

**परिशिष्ट IV कब्जा नोटिस ( अचल संपत्ति हेतु )**

जहां तक अधोहस्ताक्षरी के अधिकृत अधिकारी होने के नाते हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के प्राधिकृत अधिकारी और वित्तीय परिसंपत्तियो के पुर्ननिर्माण और सुरक्षा इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के प्रवर्तन के तहत और सेक्शन 13(12) के तहत (प्रदत्त) शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा इंटेस्ट (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाता है। उधारकर्ताओं को कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि को चुकाने के लिए नीचे दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया गया है उधारकर्ता राषि को चुकाने में विफल रहा है, इस बात की जानकारी उधारकर्ताओं, गारंटरो और आम जनता को दी गई है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति के अधिकार में नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है, जो उस पर प्रदान की गई शक्तियों के खंड (4) के अधीन है। उक्त अधिनियम के 13 सुरक्षा इंट्रेस्ट प्रवर्तन नियम 2002 के सह नियम (8) के साथ पढ़े जाते हैं। आम तौर पर जनता को इस बात के सावधान किया जाता है कि उधारकर्ता संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ किसी भी सौदे के लिए एचएफएल के बदलाव का विषय होगा। राशि के अनुसार ब्याज के साथ यहां उल्लेख किया है।

| नाम और पता उधारकर्ता गारंटर / सहउधारकर्ता | डिमांड नोटिस तिथि देय राशि | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | कब्जा तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| MP/JBR/REWA/A000000258 श्रीमती अमृता परोहा श्री धनेन्द्र कुमार परोहा | 05-08-2024 Rs. 19,24,272/- | मौजा जोरी, तहसील हुजूर, पटवारी हल्का- जोरी, रा.न.म. रीवा, खसरा संख्या 26/2, जिला रीवा- 486001 कुल क्षेत्रफल - 3440 वर्ग फीट संपत्ति की सीमा:- पूर्व: जे.डी. सिंह एवं सुशील शुक्ला की भूमि, पश्चिम: 20 फीट प्रस्तावित सड़क, उत्तर: विद्या सिंह पत्नी गायेंद्र सिंह की भूमि, दक्षिण: सोनी जी की भूमि | 11/08/2025 Physical |
| MP/JBR/STNA/A000000126 MP/JBR/REWA/A000000498 श्री रामकिंकर मिश्र श्रीमती कृष्णा दीपा मिश्रा | 28-04-2024 Rs.12,89,485/- | मौजा ग्राम बरदाडीह पटवारी हल्का नंबर 98 खसरा नंबर 73/1/1 तहसील रघुराज नगर जिला सतना, मध्य प्रदेश, भारत - 485001 कुल क्षेत्रफल - 2200 वर्ग फीट। संपत्ति की सीमाएँ: पूर्व - सड़क, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - सरस्वती पांडे की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की भूमि | 12/08/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000344 श्री राम भिलाष यादव श्रीमती मालती यादव | 13-05-2025 Rs. 10,82,191/- | मौजा ग्राम कोटानगर पंचायत सेमरिया वार्ड क्रमांक 14 ज.न. 87 पीएच सेमरिया तहसील सेमरिया जिला रीवा, शहरी, रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486445 कुल क्षेत्रफल - 1300 वर्ग फीट। संपत्ति की सीमाएँ:- पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - सड़क, दक्षिण - बाबूलाल मिश्रा की भूमि | 12/08/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000389 श्री दधिबल प्रसाद साकेत श्रीमती शुशीला साकेत | 09-05-2025 Rs.13,14,769/- | मौजा ग्राम कोस्टा जे एन 103 ग्राम पंचायत कोस्टा पीएच कोस्टा 07 सर्कल पहाड़िया वी के रीवा तहसील रायपुर कर, शहरी, रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486114 कुल क्षेत्रफल - 1280 वर्ग फीट। संपत्ति की सीमाएं: पूर्व - अजय साकेत का प्लॉट, पश्चिम - रामखुशाल का प्लॉट, उत्तर - राजेश पटेल की जमीन, दक्षिण - 20 फीट रोड | 12/08/2025 Symbolic |

**वैधानिक नोटिस उधारकर्ताओं / जमानतदार**

उधारकर्ताओं / जमानतदारों को स्टेटमेंट नोटिस द्वारा सावधानी पूर्वक कहा जाता है कि संपत्ति को किसी भी समय सार्वजनिक नीलामी / निविदाओं के माध्यम से बेंचा जा सकता है और इस तरह इसे सुरक्षा ( बयाज ) प्रवर्तन नियम 2002 नियम 6, 8 और 9 के तहत एक नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है। प्राधिकारी अधिकारी मोबाईल नं.- Vaibhav Shrivastav - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 84355 71111, Pankaj Joshi - 96445 23578, Sameer Singh - 9584290575, Pushpendra Tomar -99938 22666, Ajay Bhatiya - 78986 07955

दिनांक - 14/08/2025

प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

# हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत अजयगढ़ में निकाली तिरंगा यात्रा




### जनपद पंचायत के तत्वाधान में हुआ आयोजन

**पन्ना।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज अजयगढ़ में विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जनपद पंचायत अजयगढ़ के तत्वाधान में देशभक्ति के नारों और तिरंगे की शान के साथ निकली इस यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, एसडीएम आलोक मार्को, जनपद पंचायत सीईओ सतीश नागवंशी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, गणमान्य नागरिक और नगरवासी भी शामिल हुए और देशभक्ति का उत्साह प्रदर्शित किया। जागरूकता तिरंगा रैली ने मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर जनसामान्य को अभियान के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा तिरंगा सेल्फी बूथ पर फोटो भी खिंचवाई गई और उत्साह के साथ तिरंगा भी लहराया। हस्ताक्षर अभियान में भी सहभागिता कर अन्य लोगों से भी इस अभियान में जुड़ने का आग्रह किया गया। विधायक श्री सिंह ने इस अवसर पर उपस्थितजनों को संकल्प भी दिलाया और कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रारंभ किया गया हर घर तिरंगा अभियान नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष तिरंगा अभियान 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत तिरंगा यात्राएं, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण से जुडे. कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इस बार स्वच्छता की थीम को भी अभियान से जोड़ा गया है।




## खबर संक्षेप

### स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर पन्ना में तिरंगा रैली का आयोजन



**पन्ना।** श्री राम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर पन्ना में तिरंगा रैली का भव्य आयोजन हुआ जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सौरव अग्रवाल डॉक्टर अंकित शुक्ला डॉक्टर वर्षा शर्मा एवं समस्त छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल्दा का क्षय रोग शिविर का आयोजन एवं तिरंगा जागरूकता रैली



**पन्ना।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कला में क्षय रोग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 155 संभावित क्षय रोगियों का परीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में जिला क्षय केंद्र पन्ना की ओर से श्री विकास श्रीवास्तव, दिनेष सिंह, अमरेश शर्मा एवं जगत कुमार प्रजापति उपस्थित हुए।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव बलराम जयंती पर किसानों के खाते में राशि अंतरित करेंगे

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 अगस्त को मंडला से बलराम जयंती पर मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की दूसरी किस्त का किसानों के खाते में अंतरण करेंगे। इस योजना से पन्ना जिले के किसान हितग्राही भी लाभांवित होंगे। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना सितंबर 2020 से लागू की गई है। इस योजना में लाभांवित किसानों को प्रति वर्ष 6 हजार रूपए की सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अलावा है।

### कृषि यंत्रों के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 अगस्त

**पन्ना।** कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा डीबीटी योजना के अंतर्गत नरवाई प्रबंधन हेतु कृषकों से आगामी 18 अगस्त तक पोर्टल पर विभिन्न कृषि यंत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक कृषक हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं स्मार्ट सीडर यंत्रों के क्रय के लिए सहायक कृषि यंत्री दमोह के नाम 4500 रूपए का डिमाण्ड ड्राफ्ट बनवा कर आवेदन कर सकते हैं।

### आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन आज

**पन्ना।** आयुष विभाग द्वारा 14 अगस्त को जिले के 15 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। संक्रामक रोगों का प्रबंधन-राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी ने बताया कि शिविर के दौरान संक्रामक रोगों के प्रबंधन में आयुष की भूमिका के बारे में जानकारी भी दी जाएगी। संक्रमण की रोकथाम, शीघ्र पहचान, उपचार व नियंत्रण इत्यादि के बारे में जनसामान्य को अवगत कराया जाएगा। आमजनों से अधिकाधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठाने का आग्रह किया गया है। गुरूवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर पन्ना सहित महेबा, बृजपुर, मड़ला, पहाड़ीखेरा, झिन्ना, बहिरवारा, मकरंदगंज, कोठी, बघवार, बिसानी, श्यामगिरी और सथनियां में शिविर लगेंगे। इसके अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यूनानी) द्वारी तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर (होम्योपैथी) पवई में भी आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाया जाएगा।

## अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी जी की 194वें जयंती समारोह की तैयारिया जोरों पर



**पन्ना।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आपके पन्ना जिले में दिनाँक -17-अगस्त दिन -रविवार को आयोजित होने वाले सन-1857 की क्रांति की महानायिका देश की प्रथम सहीद विरांगना अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी ष्जी का 194 वां जन्मोत्सव समारोह कार्यक्रम को राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारा में शामिल होने एवं कार्यक्रम के भव्य आयोजन के आज खोरा की लोधी समाज की टीम में से मुख्य रूप से बड़े भाई साहब आदरणीय चंद्रशेखर सर, बाबूलाल वर्मा, चंदन सिंह राजपूत किशोर ट्रेड्स खोरा, शिवकुमार बाबू भैया, श्री राम सिंह लोधी लक्ष्य ब्लॉक अध्यक्ष अजयगढ़ लाला राम सिंह लोध जनपद सदस्य खोरा, रतन सिंह लोधी अतिथि शिक्षक, योगेश कुमार राजपूत जी नेअपनी पूरी टीम सहित खोरा ग्राम में घर-घर एवं दुकान दुकान जाकर कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण कार्ड एवं पम्पलेट के माध्यम लोगो को आमंत्रित किया और कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की।

# पन्ना में दो दिवसीय श्रीकृष्ण पर्व 14 एवं 16 अगस्त को

### कलाकार देंगे श्रीकृष्ण जन्म, जीवन लीलाओं और भक्ति-भजन गायन की प्रस्तुतियां

**पन्ना।** राज्य सरकार 14 अगस्त को बलराम जयंती और हलधर महोत्सव एवं 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण पर्व एवं लीला पुरुषोत्तम का प्राकट्योत्सव का आयोजन करने जा रही है। इस क्रम में पन्ना में भी 14 एवं 16 अगस्त को श्रीकृष्ण पर्व मनाया जाएगा। बलराम जयंती पर नगर के श्री बलदेव मंदिर एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्री जुगल किशोर मंदिर में श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बलराम एवं श्रीकृष्ण प्रसंगों, उनके अवदान एवं लोक कल्याणकारी जीवन गाथा से संबंधित साहित्यिक परिचर्चाओं, संवाद, मंदिरों में भजन, कीर्तन सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण जन्म, जीवन लीलाओं और भक्ति भजन गायन की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिला स्तर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। श्री बलदेवजी मंदिर परिसर, पन्ना में 14 अगस्त को सुश्री कमला लोधी, छतरपुर द्वारा भक्ति गायन, लाल बहादुर घासी, सीधी द्वारा घसिया बाजा और स्वप्निल मैलोडी ग्रुप, जबलपुर द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। जुगल किशोर मंदिर प्रांगण, पन्ना में 16 अगस्त को अमित घारू, सागर द्वारा बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य और पवन तिवारी, टीकमगढ़ द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। सभी कार्यक्रमों में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## प्रभारी मंत्री का संशोधित दौरा कार्यक्रम जारी



**पन्ना।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार शुक्रवार, 15 अगस्त को तीन दिवसीय प्रवास पर पन्ना आएंगे। संशोधित दौरा कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री श्री परमार अब 15 अगस्त को रात्रि 8 बजे के स्थान पर रात्रि 10:30 बजे पन्ना सर्किट हाउस पहुंचेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। आप दमोह से शासकीय वाहन द्वारा रात्रि 8 बजे पन्ना के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रभारी मंत्री शनिवार को सर्किट हाउस में जनसामान्य एवं जनप्रतिनिधियों से सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक भेंट करेंगे। इसके उपरांत अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पन्ना में रात्रि विश्राम पश्चात प्रभारी मंत्री रविवार को सुबह 9:30 बजे से सर्किट हाउस में जन सामान्य और जनप्रतिनिधियों से भेंट कर 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद शाम 5 बजे सतना रवाना होंगे।

# आगामी त्यौहार हर्षोल्लास से मनाए जाने के लिए करें समुचित तैयारियां

### मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए निर्देश

**पन्ना। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा है कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के साथ जन जातीय कल्याण, नगरीय विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और औद्योगिकीकरण के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं का पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित हो।**

मुख्य सचिव श्री जैन मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों में विभिन्न विभागों की समीक्षा कर जिला कलेक्टर्स को संबोधित कर रहे थे। मुख्य सचिव श्री जैन ने कलेक्टर्स से कहा कि औद्योगिकीकरण, नगरीकरण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। औद्योगिकीकरण से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के हर क्षेत्र में जाकर यह काम कर रहे हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए औद्योगिकीकरण के साथ नगरीकरण भी आवश्यक है। स्वास्थ्य व शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में कानून व्यवस्था संबंधी सभी नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। आगामी त्यौहार हर्ष व उल्लास के साथ मने, इसके लिए समुचित व्यवस्थाएं की जाएं।मुख्य सचिव ने कहा कि मिशन आदि-कर्मयोगी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं शुरू किया है। आदि-कर्मयोगी मिशन में सरकार के साथ समाज के क्षमता निर्माण की बात की जाती है। सेवा का भाव विकसित होता है। सेवा के भाव से ही आत्म संतोष प्राप्त होता है। शासकीय सेवकों को यह अवसर हमेशा उपलब्ध रहता है। सेवा से बदलाव की शुरूआत को लोग महसूस कर सकें, ये प्रयास किए जाएं। सभी स्तरों पर जनजातीय समाज के लिए काम करने की जरूरत है।बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह जे.एन. कंसोटिया ने भीड़ नियंत्रण, भगदड़ रोकने, अग्निकाण्ड रोकने संबंधी निर्देशों से कलेक्टर्स को अवगत कराते हुए कहा कि आयोजकों से संपर्क कर कार्यक्रमों की जिम्मेदारी तय की जाए। इस संबंध में शर्तों का कड़ाई से पालन कराया जाए। प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा ने मिशन आदि-कर्मयोगी के विषय में बताया कि इसके माध्यम से शासकीय सेवकों में क्षमता निर्माण हो सकेगा। यह राज्य, जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर तक किया जाएगा। उन्होंने कलेक्टर्स से जिले में आदि-कर्मयोगी सेल बनाने तथा ग्राम स्तर पर आदि सेवा केन्द्र तैयार किए जाने के निर्देश दिए, जिससे योजना का व्यवहारिक क्रियान्वयन हो सके। अपर मुख्य सचिव नगरीय प्रशासन संजय दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में ऐसी भूमि आवंटित की जाए, जिस पर बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जा सके। इनमें पेयजल, टांसपोर्ट, सीवेज सुविधायें भी उपलब्ध हों। उन्होंने रेंटल हाउसिंग स्कीम, प्रधानमंत्री ई-बस के चार्जिंग स्टेशन, अमृत योजना तथा फायर स्टेशन के लिए उपयुक्त भूमि आवंटन के निर्देश कलेक्टर्स को दिए। इस दौरान कलेक्ट्रेट के एनआईसी वीसी कक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार सहित गृह, नगरीय विकास एवं आवास और जनजातीय कल्याण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को बांधी राखी



### महिला सुरक्षा की ली गई शपथ

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत नगरीय क्षेत्र की लाड़ली बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आज कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा को राखी बांध कर रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में इस कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने भी अधिकारीद्वय को राखी बांधी। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा की शपथ भी ली गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेष कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी पन्ना शहरी किरण खरे भी उपस्थित रहीं। जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित कार्यक्रम की जानकारी प्रदान कर लाड़ली बहनों का उत्साहवर्धन भी किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में लाड़ली बहनों ने रक्षाबंधन पर्व सह भेंट कार्यक्रम पर प्रसन्नता जताई।

## जान की दुश्मन बनी जीवन संगिनी पीड़ित, पति ने एसपी और कलेक्टर से लगाई सुरक्षा व कार्यवाई की गुहार

### पीड़ित पति ने पत्नी पर लगाए दो बार हत्या के प्रयास के आरोप

फरियादी गया प्रसाद पटेल निवासी धनोखर थाना गुनौर ने 12 अगस्त 2025 को पुलिस अधीक्षक पन्ना और कलेक्टर पन्ना को शिकायती आवेदन सौंप कर बताया है कि 5 वर्ष पूर्व उसका कोर्ट मैरिज सतना जिले की सोनम सिंह के साथ हुआ था साल भर सब कुछ ठीक-ठाक चला इस दौरान एक बेटा भी हुआ जिसकी उम्र अब 4 साल हो चुकी है। लेकिन अब पत्नी की हरकतें बदलने लगी हैं वह रात में छुप-छुप कर किसी से फोन पर बात करती है, कभी भी रात में लापता हो जाती है एवं बिना बताए मायके भी चली जाती है और अनजान व्यक्तियों से फोन पर जान से मारने की धमकी भी दिलवाती है। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट करती है हाल ही में पत्नी के द्वारा गया प्रसाद का गुप्तांग दबाकर हत्या का प्रयास किया गया चींखने चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले वालों के द्वारा उसे बचाया गया। इसी प्रकार 11 अगस्त 2025 को सुबह जब फरियादी घर के बाहर मंजन कर रहा था तब पत्नी सोनम ने पीछे से गर्दन में हमला कर दिया यह घटना भी कई लोगों ने देखी और पंचनामा भी तैयार किया गया। फरियादी ने अपने शरीर के जख्म दिखाते हुए बताया कि किसी अन्य व्यक्ति से बात करने से मना करने पर पत्नी कई बार गाली-गलौज मारपीट एवं दातों से शरीर में काटकर जख्म पहुंचा चुकी है। गुनौर थाना में शिकायत करने पर पुलिसकर्मी दारू खोर कहकर भगा देते हैं, जबकि वह शराबी नहीं है, फरियादी ने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से अपनी जान की सुरक्षा एवं पत्नी पर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### ग्राम पंचायत कोहनी के सरपंच रामदयाल सिंगरौल की आकस्मिक मौत

**पन्ना।** जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहनी के युवा सरपंच रामदयाल सिंगरौल का 12 अगस्त 2025 को दोपहर आकस्मिक निधन होने से परिवार सहित पूरी पंचायत में शोक का माहौल व्याप्त है। बताया गया है कि सरपंच श्री सिंगरौल की उम्र महज 26 वर्ष थी लगभग 2 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था एक साल भर की बच्ची भी है। कुछ समय से तबीयत खराब चल रही थी लेकिन 12 अगस्त 2025 को सुबह ठीक-ठाक टहल रहे थे और दोपहर में अचानक मृत्यु हो गई, जिससे परिवार में कोहरा मच गया एवं पूरी ग्राम पंचायत सहित जिले भर के सरपंचों में शोक की लहर बताई जा रही है। लोगों के द्वारा मृत आत्मा की शांति एवं परिवार को यह दुख सहने की शक्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई है।

## जिला संयोजक ने छात्रावास अधीक्षकों की ली बैठक



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार जिला संयोजक जय प्रताप भदौरिया ने आज आगरा मोहल्ला स्थित शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास में छात्रावास अधीक्षकों की बैठक लेकर विभागीय गतिविधियों एवं निर्देशों के परिपालन की समीक्षा की। इस प्रथम बैठक के दौरान छात्रावास में साफ-सफाई व भोजन इत्यादि की बेहतर व्यवस्थाओं तथा विभागीय योजनाओं के समय सीमा में क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त संस्था में अभिलेख संधारण, मानव संसाधन की उपलब्धता, भवन मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, अनुसूचित जाति व जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के लिए ओटीआर पंजीयन की प्रगति तथा स्वीकृत सीट के विरूद्ध प्रवेशित विद्यार्थियों की जानकारी भी ली गई। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत नवीन 17 ग्रामों में सर्वे कार्य के संबंध में जरूरी निर्देश भी दिए गए।

## सरस्वती शिशु मंदिर/ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रक्षाबंधन उत्सव

**देवेंद्रनगर (पन्ना)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रक्षाबंधन पर्व पारंपरिक गरिमा, सांस्कृतिक उत्साह और निष्ठा के साथ मनाया गया। यहां छात्र-छात्राओं को 'भैया' और 'बहन' कहकर संबोधित करने की अद्वितीय परंपरा है, जिससे इस पर्व का महत्व और भी बढ़ जाता है। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के स्नेह का उत्सव नहीं, बल्कि यह सुरक्षा, विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक है, जिसकी जड़ें ऐतिहासिक और पौराणिक परंपराओं में गहराई से जुड़ी हैं।कार्यक्रम में बहनों ने भाइयों को राखी बांधी और भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। इस भावना को विद्यालय परिवार ने प्रकृति तक विस्तार दिया। विद्या भारती के निर्देशानुसार प्रत्येक विद्यार्थी ने एक-एक पौधा लगाया, जिसमें एक पौधा 'मां के नाम' समर्पित किया गया। पौधों को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा का प्रण लिया गया। विद्यालय परिसर में यह दृश्य भाई-बहन के स्नेह, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का अद्वितीय संगम प्रस्तुत कर रहा था।व्यवस्थापक श्री रामलखन शुक्ला ने कहा – ₹पेड़ हमारी जीवन रेखा हैं, इन्हें बचाना हम सबका कर्तव्य है। अध्यक्ष आर.के. बागरी ने कहा – ₹भैया-बहनों का यह संकल्प आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा

## देवेंद्रनगर में वाहन चोरी पर अंकुश नहीं, भारी वाहन चोरी के दस से अधिक मामले अब तक अनसुलझे

**देवेंद्रनगर, पन्ना।** नगर और आसपास के क्षेत्रों में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। नवीनतम घटना में ग्राम बदवारा निवासी शिवम सेन की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्रो (गाड़ी नंबर MP35MD5182, रंग काला-लाल) आज 12 अगस्त 2025 की सुबह 10:30 बजे डाकघर देवेंद्रनगर के पास से चोरी हो गई। पीड़ित ने थाना प्रभारी देवेंद्रनगर को लिखित आवेदन देकर वाहन की तलाश करने की मांग की है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह कोई नई बात नहीं है। पिछले एक दशक में देवेंद्रनगर और आसपास के क्षेत्रों से कई मोटरसाइकिलें, कारें और बड़े वाहनों के टायर तक चोरी हो चुके हैं, जिनमें से अधिकांश मामलों का आज तक खुलासा नहीं हुआ। सबसे चिंताजनक बात यह है कि देवेंद्रनगर से अब तक दस से बारह बार भारी वाहनों की चोरी हो चुकी है, लेकिन अपराधियों का पता नहीं चल सका। हाल ही में स्थानीय नगर परिषद प्रशासन की ओर से नगर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद चोरी की घटनाओं में कमी नहीं आई है। नागरिकों का कहना है कि यदि पुलिस सीसीटीवी फुटेज का प्रभावी उपयोग करे और रात में गश्त बढ़ाए, तो इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सकती है।

## जे.पी. सोनकर नोडल अधिकारी नियुक्त

**पन्ना।** पन्ना जिले में भूकंप पूर्व तैयारी और क्षमतावर्धन कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय भूकंप रोधी संरचना निर्माण विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला मुख्यालय पर 11 से 13 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रशिक्षण में भूकंप आपदा प्रबंधन, बिलंडिग कोड्स, फायर सेफ्टी कोड, स्ट्रक्चर एनालिसिस, सॉफ्टवेयर इत्यादि के बारे में शासकीय एवं निजी सिविल इंजीनियर, सिविल वर्क प्रोफेशनल तथा सिविल इंजीनियरिंग में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने प्रशिक्षण के लिए कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी. सोनकर 9424462327 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि गृह विभाग के आपदा प्रबंधन संस्थान के सचिव एवं कार्यपालन संचालक द्वारा अवगत कराया गया है कि भूकंपीय दृष्टि से पन्ना सहित मध्यप्रदेश के 28 जिले सिस्मिक जोन 3 और शेष जिले सिस्मिक जोन 2 में आने से प्रदेश में समय-समय पर भूकंपीय झटके महसूस किए जाते हैं।

# विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो हुई तिरंगामय, देशभक्ति के नारे गूंजे




**छतरपुर।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो के कंदरिया महादेव पश्चिम मंदिर समूह परिसर में स्कूली बच्चों द्वारा विशाल मानव श्रृंखला बनाते हुए तिरंगा आकृति बनाकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। इस दौरान देशभक्ति के नारों से समूचा मंदिर प्रांगण गुंजायमान हो गया। साथ ही आसमान में तिरंगा रंग के गुब्बारे भी उड़ाए गए। तदोपरांत वृहद तिरंगा यात्रा पश्चिमी मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर गोल मार्केट होते हुए बस्ती चौराहे पर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, नगर परिषद अध्यक्ष खजुराहो अरुण अवस्थी, जनपद अध्यक्ष राजनगर प्रेम मनीराम कुशवाहा, नगर परिषद राजनगर जीतू वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, जनपद सीईओ राकेश शुक्ला, सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, बीआरसी अतुल चतुर्वेदी सहित जनपद, नगर परिषद और स्कूल शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। तिरंगा रैली यात्रा में विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के लगभग 1500 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

## 13 एवं 27 अगस्त को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन

**छतरपुर।** म.प्र.विद्युत नियामक आयोग के निर्देशानुसार जिला छतरपुर के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन सटई रोड पर स्थित अधीक्षण अभियंता (सं/सं) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.क.लि. कार्यालय छतरपुर में बुधवार 13 अगस्त एवं 27 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता म.प्र. पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि. छतरपुर ने अपील की है कि विद्युत उपभोक्ता नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर शिकायत निवारण शिविर में अपनी शिकायतों को दर्ज करवाकर शिकायतों का निराकरण करा सकते हैं।

## नवोदय विद्यालय नौगांव में कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़कर 20 अगस्त

**छतरपुर।** प्रभारी प्राचार्य जनवि छतरपुर प्रतिमा जैन ने छात्रों को सूचित करते हुए बताया कि पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव में कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए विशेष अभियान के तहत आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। इस संबंध में पिछले सत्र 2024-25 की तरह इस सत्र 2025-26 में ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। तथा इस बार विद्यालय आकर ऑफलाइन आवेदन करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। जिसके लिए आवेदन विद्यालय आकर प्राप्त कर सकते है। जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025 से बढाकर 20 अगस्त 2025 कर दी गई है।

# दस हजार की रिश्वत लेते बाबू रंगे हाथ गिरफ्तार, जनपद कार्यालय में सन्नाटा

**बड़ामलहरा।** जनपद पंचायत बड़ामलहरा के संबल शाखा में पदस्थ बाबू मुकेश वर्मा को लोकायुक्त सागर की टीम ने बुधवार को दस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। यह कार्रवाई जनपद कार्यालय के मीटिंग हॉल में हुई, जिसके बाद पूरे कार्यालय में सन्नाटा पसर गया। घटना के बाद सभी शाखाओं के दरवाजे बंद कर दिए गए और कर्मचारी-अधिकारी मौके से नदारद हो गए।



### सहायता राशि का मामला

मामला सलैया निवासी संबल कार्डधारी राहुल लोधी की मौत से जुड़ा है, जिनका निधन 23 सितंबर 2024 को हो गया था। संबल योजना के तहत मृतक के परिजनों को दो लाख रुपए की सहायता राशि मिलनी थी, लेकिन बाबू मुकेश वर्मा ने इस राशि को जारी करने के बदले 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी।

मृतक के चाचा, शिकायतकर्ता राजेंद्र सिंह लोधी ने इस रिश्वतखोरी की शिकायत लोकायुक्त सागर में दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर बुधवार को लोकायुक्त निरीक्षक रंजीत सिंह के नेतृत्व में ट्रैप टीम बनाई गई, जिसमें निरीक्षक कमल सिंह उइके, प्रधान आरक्षक महेश हजारी, आरक्षक संतोष गोस्वामी, अरविंद नायक, राघवेंद्र सिंह और गोल्डी पासी शामिल थे। योजना के तहत शिकायतकर्ता ने तय राशि में से 10 हजार रुपए बाबू को देने के लिए मीटिंग हॉल में बुलाया। जैसे ही मुकेश वर्मा ने रुपए लिए, टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया।

### कार्रवाई के बाद हड़कंप

लोकायुक्त की कार्रवाई की खबर फैलते ही जनपद पंचायत कार्यालय में हड़कंप मच गया। कई कर्मचारी अपनी-अपनी कुर्सियां छोड़कर चले गए और शाखाओं के ताले लगा दिए गए।

## कन्या स्कूल ने निकाली तिरंगा रैली, प्राचार्य ने कक्षा में रखवाये डस्टबिन



**छतरपुर।** स्वतंत्रता दिवस के पहले जिले भर में घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। स्कूलों के माध्यम से तिरंगा रैली निकालकर बच्चों में राष्ट्रध्वज के प्रति प्रेम जगाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में विगत रोज स्थानीय पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छतरपुर की ओर से तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। वहीं विद्यालय परिसर में प्राचार्य सविता अग्रवाल की अगुवाई में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विद्यालय की हर कक्षा में डस्टबिन रखवाई गई ताकि बच्चे कचरा डस्टबिन में डाल सके और कक्षाएं साफ सुथरी बनी रहें। तिरंगा रैली विद्यालय से शुरू होते हुए किशोर सागर तालाब, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, छत्रसाल चौक, महल रोड होते हुए वापस विद्यालय पहुंची। बच्चों को राष्ट्रध्वज और राष्ट्र के प्रति सम्मान रखने की शिक्षा दी गई। वहीं अपने आसपास साफ सफाई बनाए रखने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर व्याख्याता संजय श्रीवास्तव, ज्योति प्रकाश चतुर्वेदी, श्यामलाल प्रजापति, रविंद्र श्रीवास्तव, सत्येंद्र मिश्रा, उषा श्रीवास्तव, अर्चना अवस्थी, अर्चना साहू, रामप्रसाद रिछारिया, सचिन श्रीवास्तव सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।



## बिजावर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली विशाल तिरंगा यात्रा

**बिजावर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को बिजावर में अनूठा आयोजन हुआ, जिसमें विधायक राजेश शुक्ला (बबलू) के नेतृत्व में तहसील प्रांगण से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए बछरगांय मंदिर पर समाप्त हुई। इस दौरान एक विशेष पहल के तहत तालाब में नाव के जरिए तिरंगा लहराया गया, जिसने देशभक्ति के उत्साह को और बढ़ा दिया। यात्रा में अधिकारी, कर्मचारी,भाजपा मंडल अध्यक्ष,कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए, जिन्होंने तिरंगे को सिर झुकाकर सम्मान दिया। इस अवसर पर विधायक राजेश शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा, यह तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी देशभक्ति और एकता का प्रतीक है। तालाब में नाव के जरिए तिरंगा लहराकर हमने शहीदों की कुर्बानी को याद किया। तिरंगा हमारी आत्मा का हिस्सा है, और यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी निष्ठा दिखाएं। उन्होंने बिजावरवासियों से अपील की कि वे अपने परिवार और बच्चों के साथ इस पवित्र पहल में शामिल होकर आने वाली पीढ़ियों को गर्व का संदेश दें।यात्रा में स्कूली बच्चों ने तिरंगे को थामकर देशभक्ति के नारे लगाए, जबकि जनपद के अधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली को ऐतिहासिक बनाने में योगदान दिया। नाव के जरिए तालाब में तिरंगा लहराने का दृश्य सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने राष्ट्रीय एकता और गौरव का संदेश दिया। रैली के समापन पर बछरगांय मंदिर में सामूहिक शपथ ली गई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। यह आयोजन हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान का हिस्सा था। विधायक राजेश शुक्ला ने कहा, नाव से तिरंगा लहराकर हमने अनूठा संदेश दिया। बिजावरवासियों का उत्साह मेरे लिए गर्व की बात है।

# कलेक्टर एवं एसपी के निरीक्षण में संपन्न हुई स्वतंत्रता दिवस फाइनल परेड रिहर्सल

### पुलिस बैंड प्लाटून का प्रदर्शन, मल्टी स्क्रीनिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण रहा आकर्षण का केंद्र

### पुलिस परेड ग्राउंड का भौतिक निरीक्षण एवं संपूर्ण व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर दिए गए दिशा निर्देश



**छतरपुर।** दिनांक 15 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड पुलिस लाइन परिसर में राष्ट्रीय सलामी, परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस हेतु विगत दिनों से पुलिस परेड ग्राउंड में रिहर्सल निरंतर की जा रही थी। बुधवार को पुलिस परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस परेड का फाइनल रिहर्सल संपन्न हुआ। सर्वप्रथम ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रीय सलामी हुई। जिला दंडाधिकारी कलेक्टर छतरपुर पार्थ जायसवाल एवं पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा फाइनल परेड रिहर्सल का निरीक्षण किया गया। परेड निरीक्षण उपरांत पृथक पृथक प्लाटून का भी निरीक्षण किया गया, हर्ष फायरिंग हुई।

स्वतंत्रता दिवस परेड में सम्मिलित पुलिस बैंड प्लाटून का प्रदर्शन एवं स्क्रीनिंग आकर्षण का केंद्र रहा। परेड पुलिस प्लाटून बैंड की धुन में सम्पन्न हुई। पुलिस परेड ग्राउंड में मल्टी स्क्रीनिंग की भी व्यवस्था है, भोपाल परेड ग्राउंड से लाइव प्रसारण हुआ।

तत्पश्चात विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र छात्राओं द्वारा वाद्य यंत्र, संगीत, नृत्य एवं नाटक के माध्यम से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदर्शन कर रिहर्सल किया गया। पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा परेड कमांडर, समस्त प्लाटून कमांडरों एवं परेड में उपस्थित बल को निर्धारित साफ गणवेश, पंक्तिबद्ध मार्च, कमांड व हर्ष फायरिंग हेतु दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संपूर्ण परिसर का निरीक्षण करते हुए परिसर में व्यवस्थाओं हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस पर यातायात व्यवस्था बाधित न हो इस हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

स्वतंत्रता दिवस परेड की परेड कमांडर डीएसपी(पी) हर्ष राठौर तथा सेकंड इन परेड कमांडर महिला थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा श्रीवास्तव के कमांडिंग नेतृत्व में जिला पुलिस बल छतरपुर, विशेष सशस्त्र बल कंपनी 29वीं बटालियन दतिया, पुलिस बैंड प्लाटून, नगर सैनिक बल, राष्ट्रीय कैडेट कोर, महिला शौर्य दल, स्काउट सहित विभिन्न प्लाटून द्वारा परेड मार्च रिहर्सल संपन्न किया गया। स्वतंत्रता दिवस परेड रिहर्सल पर अपर कलेक्टर छतरपुर मिलिंद नागदेव, सीएसपी अरुण कुमार सोनी, रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा एवं संबंधित सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



## युवक के पेट से प्लास्टिक की बोतल निकालने में जिला अस्पताल की टीम सफल

**छतरपुर।** जिला अस्पताल में बुधवार को एक अजीबोगरीब मामला सामने आया, जिसमें नौगांव थाना क्षेत्र के एक युवक के पेट से डॉक्टरों की टीम ने प्लास्टिक की बोतल सफलतापूर्वक बाहर निकाली। बताया गया कि यह बोतल चार दिन पहले युवक के मलद्वार से होकर पेट में पहुंच गई थी। युवक ने डॉक्टरों को बताया कि वह मलद्वार के कीड़ों को साफ करने के लिए दवा का उपयोग कर रहा था, इसी दौरान बोतल अंदर चली गई। जिला अस्पताल की डॉक्टर टीम ने ऑपरेशन कर पेट में चीरा लगाकर बोतल को बाहर निकाला।

इस टीम में डॉ. मनोज चौधरी, डॉ. आशीष शुक्ला, डॉ. नंदकिशोर जाटव, विनीत पटैरिया, नर्सिंग स्टाफ में आराधना चतुर्वेदी, डॉ. सृष्टि श्रीवास और सिस्टर गौरी शामिल रहीं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, अब तक यहां डॉक्टरों की टीम मरीजों के पेट से एक लौकी और दो प्लास्टिक की बोतलें निकाल चुकी है।

## भारत विश्व का सबसे युवा देश, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री विश्व के सबसे शक्तिशाली युवा संत - पंडित सुधीर शर्मा



**खजुराहो।** दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर एवं मतंगेश्वर सेवा समिति, खजुराहो के प्रमुख पंडित सुधीर शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर इटली के तुसकाना राज्य के कैनेतो में एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा एवं शक्तिशाली देश है। यहां युवाओं की संख्या किसी भी अन्य देश से अधिक है, जबकि अधिकांश देशों में वरिष्ठ नागरिकों का अनुपात ज्यादा है। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं और पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। विश्व शांति के लिए भारतीय युवाओं को एकजुट होकर नेतृत्व करना होगा। पंडित शर्मा ने विशेष रूप से बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को पूरे विश्व के सबसे शक्तिशाली युवा संत बताते हुए कहा कि वे अपनी अद्भुत और अगोचर शक्तियों से सनातन धर्म का डंका पूरी दुनिया में बजा रहे हैं। आज विश्व का कोई भी देश ऐसा नहीं है जो उनके बारे में न जानता हो। उनका जन्म उन्हीं ग्रह-नक्षत्रों में हुआ है जिनमें स्वामी विवेकानंद का जन्म हुआ था, और उनके व्यक्तित्व में स्वामी विवेकानंद की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है उन्होंने आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के अति प्रिय युवा शिष्य ब्रह्मरूपी जी के त्याग के बारे मे भी बताया की कैसे उन्होंने सब कुछ त्यागकर जैन धर्म का अनुसरण किया।

# आशियाना वृद्ध सेवा आश्रम में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

### बुजुर्ग महिलाओं ने एसडीएम को बांधी राखी



**छतरपुर।** शहर के महोबा रोड पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार के सामाजिक न्याय विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त आशियाना वृद्ध सेवा आश्रम संचालित किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता अनवरी खातून द्वारा संचालित इस वृद्धाश्रम में वर्तमान में 18 बुजुर्ग सुख, शांति और खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। बीते रोज यहां रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम अखिल राठौर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चन्द्रशेखर चौरसिया उपस्थित रहे।

एसडीएम अखिल राठौर ने उक्त कार्यक्रम में पहुंचकर इस वृद्धाश्रम का निरीक्षण करते हुए यहां के बुजुर्गों से मुलाकात की। उन्होंने वृद्धाश्रम संचालिका द्वारा यहां दिए जा रहे वातावरण और सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए कुछ मरम्मत कार्यों के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर कई बुजुर्ग महिलाओं ने एसडीएम अखिल राठौर को राखी बांधकर उन्हें मिठाई खिलाई। एसडीएम ने सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर उन्हें संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा ईश्वर की सेवा के बराबर है। समाज के हर वर्ग को ऐसे संस्थानों की मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम की आयोजक अनवरी खातून ने एसडीएम एवं विशिष्ट अतिथि का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत करते हुए उन्हें राखी बांधी एवं कार्यक्रम में पधारने के लिए आभार जताया।

# बकस्वाहा में 551 फुट लंबा तिरंगा और 2 किमी लंबी तिरंगा यात्रा बनी आकर्षण का केन्द्र



**बकस्वाहा।**

हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को बकस्वाहा में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मुख्य आकर्षण 551 फुट लंबा विशाल तिरंगा रहा, जो पूरे जुलूस के दौरान लोगों के उत्साह का केंद्र बना रहा। मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशा और भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम के निर्देशानुसार कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा कार्यालय में मंडल बैठक से हुई, जिसमें पूर्व विधायक प्रदुम्न सिंह लोधी ने कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए।

यात्रा का शुभारंभ सांदीपनी स्कूल से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों - एक्सीलेंस स्कूल तिराहा, महाकाली मंदिर, राजा मेन मार्केट, रामनारायण मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, अवार माता तिराहा, कांजी हाउस, पुराना बस स्टैंड होते हुए पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक पहुँची। समापन पर अशोक स्तंभ के समक्ष अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

ढोल-नगाड़ों, डीजे और देशभक्ति गीतों के बीच निकली इस 2 किलोमीटर लंबी यात्रा में छात्र-छात्राओं, युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने हाथों में तिरंगा थामकर बढ़-चढ़कर भाग लिया। रिमझिम बारिश के बावजूद उत्साह कम नहीं हुआ। नगर की सड़कें तिरंगे के रंग में रंगी नजर आईं और लोग घरों-दुकानों से बाहर आकर तिरंगे का स्वागत करते दिखे।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रदुम्न सिंह लोधी, मंडल अध्यक्ष संदीप खरे लल्ला, नगर परिषद अध्यक्ष किरण सोनी, जनपद अध्यक्ष रजनी मोती यादव, तहसीलदार भरत पांडे, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्यम चौरसिया, शिक्षक पवन राय, समस्त स्कूलों के शिक्षक-बच्चे, महिला एवं बाल विकास, वन विभाग, राजस्व विभाग, महाविद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

अंत में भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप खरे ने नन्हे-मुन्ने बच्चों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, पार्टी पदाधिकारियों और नगर की जनता का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने नगर परिषद कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी भी जताई।

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता एवं स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान

**छतरपुर।**



शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार छतरपुर जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। निर्देशानुसार जिले में अभियान के द्वितीय चरण में मंगलवार को छतरपुर जिले के ग्राम मऊसहानियां में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। हर घर तिरंगा अभियान के तहत राजनगर में तिरंगा पैदल रैली का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था माइन्ड इम्पॉवरिंग सोशल फाउंडेशन द्वारा हर हर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राजनगर में तिरंगा पैदल रैली का आयोजन किया गया। रैली माध्यमिक शाला राजगढ़ से प्रारंभ होकर ग्राम पंचायत भवन तक निकाली गई, जिसमें हर घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया गया। लवकुशनगर में तिरंगा यात्रा निकालकर, हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया और हर घर तिरंगा लहराने का नन्हें मुन्ने स्कूली बच्चों ने भी संदेश दिया। अभियान के तहत छतरपुर जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। वॉल पेंटिंग के माध्यम से हर घर तिरंगा लगाने एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। जिले के जनपद और निकाय स्तर पर तिरंगा झंडा विक्रय केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाएं तिरंगा झंडा बनाने का कार्य कर रहीं हैं।

अभियान के तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जायेगा। हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### दूसरा सत्र शुरू, पहले साल की परीक्षा अधर मेंअग्रणी पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज की अव्यवस्था से छात्र परेशान, कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** रीवा के प्रतिष्ठित पीएम श्री एक्सीलेंस मॉडल साइंस कॉलेज की कुव्यवस्था और लापरवाह रवैये के खिलाफ मंगलवार को कॉलेज के बीकॉम बीएफसीआई प्रथम वर्ष के सैकड़ों छात्र-छात्राएं सड़क पर उतर आए। छात्र कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और कॉलेज प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश जताया। छात्रों का कहना है कि जहां एक ओर कॉलेज में नया सत्र शुरू हो चुका है, वहीं प्रथम वर्ष की परीक्षा अब तक आयोजित नहीं की गई है। इससे उनका शैक्षणिक भविष्य अधर में लटक गया है। स्थिति यह है कि पिछले एक वर्ष से उनकी नियमित कक्षाएं तक संचालित नहीं हुईं। कॉलेज प्रशासन की ओर से न तो विषयवार शिक्षक उपलब्ध कराए गए और न ही उपयुक्त कक्ष आवंटित किए गए। छात्रों ने बताया कि अब तक परीक्षा की समय-सारणी तीन बार जारी की जा चुकी है, लेकिन हर बार परीक्षा से ठीक पहले इसे निरस्त कर दिया गया। इससे छात्रों में भारी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। परीक्षाएं न होने के चलते वे न तो अगली कक्षा में प्रवेश ले पा रहे हैं, न ही कोई प्रतियोगी परीक्षा देने की स्थिति में हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कॉलेज के प्राचार्य छात्रों को कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं। हर बार उन्हें केवल आश्वासन देकर लौटा दिया जाता है। छात्र-छात्राओं ने कहा कि यदि जल्द उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे प्राचार्य के विरुद्ध उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अपर कलेक्टर ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और जल्द ही संबंधित विभागों से बात कर उचित समाधान का आश्वासन दिया।ज्ञापन सौंपने वालों में अक्षय पाण्डेय, प्रणव तिवारी, अतुल मिश्रा, दीपक द्विवेदी, आदर्श अवस्थी, ऋषि सोनी, सत्यम द्विवेदी, रोहित पाण्डेय, राम सिंह, मिनी सोंधीया, काजल सोधिया सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।बॉक्स एक शिक्षक के भरोसे पूरा विभागकॉमर्स विभाग में केवल एकमात्र शिक्षक के भरोसे कक्षाएं संचालित हो रही हैं। इससे छात्रों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। छात्रों का कहना है कि विभाग में स्टाफ की भारी कमी है, फिर भी उच्च स्तर पर इस विषय को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा।

### रीवा संभाग में अब तक 887 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** रीवा संभाग में एक जून से अब तक 887.95 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। संभाग में इस अवधि में रीवा जिले में 661.8 मिलीमीटर, सतना में 764.4 मिलीमीटर, मैहर में 775.9 मिलीमीटर, मऊगंज में 1247.4 मिलीमीटर, सीधी में 987.2 मिलीमीटर तथा सिंगरौली जिले में 891 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में संभाग में 596.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। संभाग में सिंचाई के प्रमुख स्रोत बाणसागर बांध में 13 अगस्त को सुबह 8 बजे तक जल स्तर 340.74 मीटर तक पहुंच गया है। गत वर्ष 13 अगस्त तक इसका जल स्तर 337.97 मीटर पर था। बांध में 87.78 प्रतिशत जल भराव हो गया है।

# पुरवा जलप्रपात में गूंजे देशभक्ति के नारे



कमिश्नर तथा अधिकारियों ने की साफ-सफाई हर घर तिरंगा अभियान में रीवा से पुरवा तक निकाली गई तिरंगा कार रैली

रीवा

रीवा संभाग के सभी जिलों में हर घर तिरंगा अभियान तथा हर घर स्वच्छता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। शासन के निर्देशों के अनुरूप रीवा जिले के विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल पुरवा जलप्रपात में हर घर तिरंगा अभियान के तहत साफ-सफाई की गई। देशभक्ति के नारों के साथ परिसर में तिरंगा रैली निकाली गई। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक घंटे तक स्वच्छता के लिए स्वेच्छा से श्रमदान किया। जलप्रपात परिसर से भारी मात्रा में कचरा एकत्रित करके उसे कचरा गाड़ी के माध्यम से सुरक्षित निपटान के लिए भेजा गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पर्यटन विकास समिति तथा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया गया। इसके पूर्व रीवा से कमिश्नर श्री जामोद के नेतृत्व में संभागीय अधिकारियों ने तिरंगा कार रैली में शामिल होकर रीवा से पुरवा जलप्रपात पहुंचे। इस अवसर पर कमिश्नर जामोद ने कहा कि देश को अमर शहीदों के बलिदान और कठिन संघर्ष के बाद आजादी मिली। हजारों वीरों ने देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों का बलिदान किया। हम सबको इस आजादी का मोल समझना चाहिए। पूरे गौरव और उल्लास के साथ देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाएं। साथ ही वीरों को नमन करने एवं देशभक्ति की भावना को बलवती करने के लिए प्रत्येक नागरिक अपने घरों में 16 अगस्त तक शान से तिरंगा फहराए। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। कमिश्नर ने कहा कि देश को विकसित और समृद्ध बनाने के लिए सभी नागरिकों का स्वस्थ रहना आवश्यक है। हमारे घर और परिवेश स्वच्छ रहेंगे तभी हम स्वस्थ रहेंगे। पुरवा जलप्रपात जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में अच्छी साफ-सफाई इनके सौंदर्य को दुगना कर देती है। इन स्थानों को साफ-सुथरा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। पर्यटन स्थलों में हम किसी भी तरह की गंदगी न फैलाएं। कचरे तथा प्लास्टिक को कचरा पेटी में ही डालें। परिवेश स्वच्छ रहने पर ही मन प्रसन्न रहता है। कमिश्नर ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। परिसर में निकाली गई तिरंगा रैली में वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे। रैली में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम सिरमौर पीके पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, डिप्टी कमिश्नर श्रेयस गोखले तथा बड़ी संख्या में संभागीय अधिकारी, जिला अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

## सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में बड़ा हादसा टला, तीसरी मंज़िल की फॉल सीलिंग भरभराकर गिरी



**रीवा।** जिले के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में बुधवार को सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। अस्पताल की तीसरी मंज़िल पर स्थित न्यूरो सर्जरी विभाग के वार्ड में अचानक फॉल सीलिंग गिर गई। हादसे के वक्त वार्ड में तीन मरीज और उनके परिजन मौजूद थे, जो बाल-बाल बच गए। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन अस्पताल की गुणवत्ता और निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल जरूर खड़े हो गए हैं।जानकारी के अनुसार, यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चार साल पहले ही करीब 150 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ था। निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री और इंजीनियरिंग मानकों की गुणवत्ता अब संदेह के घेरे में है। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों और उनके परिजनों को दूसरे वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। हादसे के वक्त ड्यूटी पर मौजूद नर्सिंग स्टाफ ने तत्काल अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी, अस्पताल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया है। बॉक्स पूर्व में भी हो चुकी घटनाफॉल सीलिंग गिरने की यह कोई पहली घटना नहीं हुई है। इससे पूर्व सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की फॉल सीलिंग भी भरभराकर धराशायी हो गई थी। अस्पताल काफी संवेदनशील जगह है। यहां पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहते हैं। ऐसे में इस तरह की घटना किसी भी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

## नशीली कफ सिरप की बड़ी खेप जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार, सगरा पुलिस ने घेराबंदी कर सफारी वाहन से 2.10 लाख रुपए की 9 पेटी नशीली कफ सिरप किया बरामद

रीवा



जिले के सगरा थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की भारी मात्रा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बता दे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर यह सफलता हासिल की। जानकारी के मुताबिक, एक सफारी वाहन में सवार दो संदिग्ध युवक रीवा की ओर आ रहे थे। जैसे ही वाहन मझबोगा क्षेत्र के समीप पहुंचा, पहले से तैनात पुलिस बल ने उसे रोकने की कोशिश की। पुलिस को देखकर वाहन चालक ने भागने का प्रयास किया और सफारी को खेतों की ओर मोड़ दिया। वाहन सड़क से उतरकर खेतों में फंस गया, जिसके बाद आरोपी भागने लगे। पुलिस टीम ने करीब तीन किलोमीटर तक पीछा कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा। वही तलाशी लेने पर वाहन से 9 पेटियां बरामद हुईं, जिनमें कुल 1080 नग प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप पाई गई। बरामद सिरप की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सैफ अंसारी निवासी विवेकानंद नगर, थाना समान और ओम सेन निवासी रतहरा बाइपास के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने नशीली दवा को रीवा पहुंचाने की योजना कबूली है। हालांकि, खेप की सप्लाई कहां से लाई गई थी और इसे कहां डिलीवर किया जाना था, इस संबंध में पूछताछ अभी जारी है।बॉक्स अवैध नेटवर्क के खुलासे की उम्मीदबता दे तस्करी की यह खेप किसी बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकती है। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई जा रही है।

## जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान की धूम - जगह-जगह निकाली गई रैलियाँ



**रीवा।** जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान और हर घर स्वच्छता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत, जनपद शिक्षा केन्द्र, शासकीय कार्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र तथा महाविद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जगह-जगह साफ-सफाई अभियान के साथ देशभक्ति के गीतों और नारों को बुलंद करते हुए तिरंगा रैली निकाली जा रही हैं। अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर कर्चुलियान, कन्या हाईस्कूल गुढ़ तथा कन्या उमावि सिरमौर में छात्राओं ने देशभक्ति के गीत गाते हुए तिरंगा रैली निकाली और आकर्षक रंगोली बनाई। परिसर मंउ पौधे भी रोपित किए गए अभियान के तहत संदीपनि उमावि सिरमौर तथा शासकीय उमावि गंगहरा में विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकाली। शासकीय महाविद्यालय मऊगंज और हनुमना में विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों ने तिरंगा रैली निकाली। जिले भर के आंगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा रंगोली बनाकर महिलाओं की रैली निकालकर हर घर तिरंगा अभियान, हर घर स्वच्छता अभियान का संदेश दिया जा रहा है। जनपद पंचायत जवा में तिरंगा रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। जनपद पंचायत के तहत सभी ग्राम पंचायतों में भी रैलियों का आयोजन किया गया।

## चार अपराधी किये गये जिला बदर, तीन को थाने में हाजिरी के आदेश

रीवा

जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा चार आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है जबकि तीन अपराधियों को प्रत्येक सोमवार थाने में उपस्थिति देने का आदेश दिया गया है।प्रभारी अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुब्रात द्विवेदी निवासी वार्ड क्रमांक 11 सिरमौर, अजय उर्फ अज्जू कोरी निवासी गुढ़ चौराहा रीवा, समीर शाह उर्फ रिंकू निवासी बड़ी दरगाह के बगल में अमहिया रीवा एवं चिराग खान निवासी सफारी होटल के सामने अमहिया रीवा को एक वर्ष के लिये जिला बदर किया गया है। जबकि अखिलेश तिवारी निवासी वार्ड क्रमांक 4 चोरहटा, झल्लू उर्फ रामदुलारे निवासी जगन्नाथ मंदिर के पास बिछिया तथा देवांश पाण्डेय पाण्डेय निवासी वार्ड क्रमांक 15 सिरमौर को प्रति सप्ताह सोमवार को संबंधित थाने में उपस्थित होने का आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा किया गया है। इसी प्रकार रीतेश साकेत उर्फ लाल साकेत निवासी गल्ला मंडी को जिला बदर की कार्यवाही का आधार प्रमाणित न होने पर प्रकरण निरस्त कर दिया गया है।

## 16 हजार का इनामी शातिर बदमाश गिरफ्तार चाकघाट, सोहागी और शंकरगढ़ में दर्ज थे 11 अपराधिक मामले



**रीवा।** जिले के चाकघाट थाना पुलिस ने लम्बे समय से कई मामलो में फरार 16 हजार रुपए के शातिर इनामी आरोपी को धर दबोचा। फरार आरोपियों की तलाश और पतारसी के लिए रीवा पुलिस द्वारा एसपी विवेक सिंह के निर्देश पर पुलिस अभियान चला रही है। चाकघाट पुलिस ने चोरी सहित कई गंभीर मामले में फरार आरोपी ऋषी वर्मा पिता छोटे लाल वर्मा 22 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 चाकघाट को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि पकड़ा गया आरोपी थाना चाकघाट क्षेत्र से काफी दिनो से फरार चल रहा था। जिसकी तलाश काफी दिने से पुलिस कर रही थी। इसी बीच थाना प्रभारी चाकघाट घनश्याम मिश्रा को मुखबिर से फरार आरोपी ऋषी वर्मा की लोकेशन मिली जिसके बाद चाकघाट पुलिस ने फरार आरोपी को मल्लहटी चाकघाट से पकडऩे में सफलता हासिल की। पकड़े गए आरोपी ऋषी वर्मा के ऊपर रीवा जिले सहित उत्तर प्रदेश के कई थानों में गंभीर अपराध के मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपी से सख्ती से पूछतांछ कर दो नग चोरी के मोबाइल व नकदी भी जब्त की है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है।

## कबाड़ी मोहल्ले में नशीली दवाओं के गोरखधंधे में दबिश

रीवा।

शहर की सिटी कोतवाली पुलिस ने सोमवार को कबाड़ी मोहल्ले में दबिश देकर तीन महिलाओं के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने 21 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप के साथ कैप्सूल बरामद किए है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस को सूचना मिली



थी कि पुत्तुल लोनिया अपने नातिनों के माध्यम से नशीली कफ सिरप और कैप्सूल की बिक्री अवैध तरीके से कर रही है। पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए पुत्तुल लोनिया के घर के पास दबिश दी जहां पुत्तुल लोनिया पति स्वं करण लोनिया 62 वर्ष निवासी कबाड़ी मोहल्ला व काजल सिंह लोनिया पति नीरज पाण्डेय 22 वर्ष निवासी घोघर शंकर लाईट के सामने मायका कबाड़ी मोहल्ला व रूपा लोनिया पिता बुध्दा लोनिया 18 वर्ष निवासी कबाड़ी मोहल्ला को अभिरक्षा में लिया। जिनकी निशादेही पर महिला के घर की तलाशी ली गई जहां से 21 शीशी नशीली कफ सिरप व भारी मात्रा में कैप्सूल मिले। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर तीनों को गिरफ्तार किया जहां से उन्हे न्यायालय में पेश किया गया है।

## मऊगंज के फरहदा स्कूल के छात्र ने प्राचार्य पर लगाया गम्भीर आरोप



**मऊगंज।** जिले के ग्राम पंचायत फरहदा में शिक्षा विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार का ऐसा मामला सामने आया है जिसने सभी को हैरान कर दिया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरहदा में 9वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में हुई गंभीर गलती ने एक छात्र का भविष्य संकट में डाल दिया है। ग्राम फरहदा निवासी शिवम गोस्वामी, पिता अरुण कुमार गोस्वामी, कक्षा 9वीं के नियमित छात्र हैं। उनका आरोप है कि सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षा में उनके नाम और जाति में जानबूझकर गलत सुधार किया गया। सही नाम "शिवम गोस्वामी" और रोल नंबर 76 की जगह,परिक्षा परिणाम सूची में गलत तरीके से रोल नंबर 77 पर "शिवम जोगी" दर्ज कर दिया गया। इस गड़बड़ी से उनका परिणाम प्रभावित हो गया। शिवम का कहना है कि वे बीते 4 महीनों से विद्यालय के प्राचार्य विपिन पटेल से इस त्रुटि को सुधारने की मांग कर रहे हैं। प्राचार्य ने कई बार भरोसा दिलाया, लेकिन नतीजे में कोई बदलाव नहीं किया गया। उल्टे, अब उन्हें धमकियां दी जा रही हैं कि ज्यादा शिकायत मत करो। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान, छात्र के पिता ने चार बार जिला कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिया, लेकिन सुधार अब तक नहीं हुआ। छात्र का यह भी आरोप है कि एक दिन की परीक्षा में उसे अनुपस्थित दिखा दिया गया, जबकि उसने नियमित रूप से परीक्षा दी थी। सूत्रों के मुताबिक, प्राचार्य का एक स्थानीय विधायक से निजी संबंध हैं, जिसके कारण शिक्षा विभाग और अधिकारी भी कार्रवाई करने से बच रहे हैं। स्थिति यह है कि जिन अधिकारियों को निलंबित और नोटिस जारी करना चाहिए था, वे चुप्पी साधे हुए हैं। स्कूल के अन्य छात्रों का भी कहना है कि यहां पढ़ाई नाम मात्र की होती है। कई शिक्षक समय पर विद्यालय आते ही नहीं, और जो आते हैं, वे भी क्लास में बैठकर समय काटते हैं। नतीजतन, छात्रों की उपस्थिति घटती जा रही है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ऐसे मामलों में कार्रवाई क्यों नहीं करता, और कब तक छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता रहेगा? यह मामला न केवल एक छात्र की जिंदगी पर असर डाल रहा है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और भ्रष्टाचार की पोल भी खोल रहा है। अगर जल्द ही जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो ऐसे कई और बच्चों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा।

## मऊगंज में जनसुनवाई में 32 आवेदन प्राप्त हुए



मऊगंज

मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में में 32 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्ट्रेट में संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता ने जनसुनवाई करते हुए आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।जनसुनवाई में बुद्धसेन कोल तिवरिगवां एवं ज्वाला प्रसाद पटेल दुवगवां ने इत्तलाबी कराने, रेखा पाण्डेय जमुई ने पीएम आवास का लाभ दिलाने, श्यामलाल कुशवाहा ने सीमांकन कराने, गणेश गिरी घोरहटा ने मकान क्षतिपूर्ति कराने, रोशनी चतुर्वेदी शाहपुर ने निवास प्रमाण पत्र बनाने तथा सुरेन्द्र पटेल कनकेशरा ने खाद्यान्न पर्ची प्रदाय करने का आवेदन प्रस्तुत किया जिन्हें संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के लिये प्रेषित किया गया। इसी क्रम में सुखवंती नाई अतरैला ने पेंशन दिलाने, जोखूलाल पटेल नौढ़िया ने नकल प्रदान करने तथा बृजेश शर्मा धर्मपुरा व सरपंच सीतापुर ने अतिक्रमण हटाने का आवेदन संयुक्त कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जिन पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

## कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के दिए निर्देश

रीवा

जिले भर में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरे उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह एसएएफ मैदान में सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से आरंभ होगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एसएएफ मैदान में परेड तथा अन्य कार्यक्रमों के लिए मैदान को समतल करके पूरी तरह से तैयार कर दें। बारिश को देखते हुए जीरो साइज की गिट्टी से गड्ढों में भराव करके लकड़ी के बुरादे का ट्रैक में छिड़काव की व्यवस्था रखें जिससे परेड में किसी तरह की कठिनाई न हो।कलेक्टर ने कहा है कि सहायक आयुक्त नगर निगम रीवा मुख्य कार्यक्रम स्थल तथा शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। एसएएफ मैदान में मुख्य समारोह के लिए अतिथियों के बैठने के लिए 2500 कुर्सियों, सोफे एवं वाटरप्रूफ पंडाल की व्यवस्था करें। जिस मंच से ध्वजारोहण किया जाना है वहाँ वर्षा से बचाव की समुचित व्यवस्था करें। फाइनल रिहर्सल तथा मुख्य समारोह में साउंड की समुचित व्यवस्था रखें। अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल समारोह के दौरान बिजली की निर्बाध आपूर्ति तथा पावर बैकअप के रूप में जनरेटर की व्यवस्था करें। सहायक संचालक उद्यानिकी मंच की साज-सज्जा के लिए गमले तथा फूलों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। समारोह में हर घर तिरंगा अभियान तथा स्वाधीनता दिवस की थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था करें। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल गीत और नृत्य स्वतंत्रता दिवस की गरिमा के अनुकूल रहे।